प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन पर सुरक्षा के दृष्टिगत संयुक्त रूप से अग्रिम सुरक्षा तालमेल (ए.एस.एल.) संबंधी एक बैठक आयोजित

पन्तनगर। 4 नवम्बर 2023। विश्वविद्यालय में 7 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन पर सुरक्षा के दृष्टिगत संयुक्त रूप से अग्रिम सुरक्षा तालमेल (ए.एस.एल.) संबंधी एक बैठक आज कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, जिला अधिकारी ऊधमसिंह नगर श्री उदय राज सिंह के साथ अन्य अधिकारी मंचासीन थे। जिला अधिकारी ऊधमसिंह नगर एवं कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन की मिनट टू मिनट कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श किया। बैठक में जनपद स्तर से प्रभागीय वनाधिकारी तराई ऊधमसिंह नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट, उप जिलाधिकारी रूद्रपुर, मुख्य चिकित्साधिकारी, पन्तनगर विश्वविद्यालय के आयोजक, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नगला, अधीक्षण अभियन्ता लो.नि.वि. रूद्रपुर, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत रूद्रपुर एवं खाद्यय सुरक्षा अधिकारी के अलावा विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण मुहम्मद नासिर, कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर के साथ सभी समितियों के कन्वेनर उपस्थित थे।

तदोपरान्त श्री बीसी जोशी, अतिरिक्त उपनिदेशक, आईबी द्वारा अग्रिम सुरक्षा तालमेल के संबंध में समन्वय किया गया तथा भारत की माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन वाले मार्गों, पन्तनगर एयरपोर्ट, वीआईपी गेट, तराई भवन के मार्ग से होते हुए प्रशासनिक भवन तक भ्रमण किया गया। उसके उपरान्त मुख्य अतिथि के ग्रीन रूम का निरीक्षण किया गया तथा दीक्षान्त पण्डाल में पी.ए. सिस्टम से लेकर अतिथियों के बैठने एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

1. बैठक में मंचासीन अधिकारीगण।

2.

3.

2 एवं 3. बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

निदेशक संचार